भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.14**

(जिसका उत्तर सोमवार 1 दिसंबर, 2025 /10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है)

**असम शहरी क्षेत्र विकास परियोजना**

**14. श्री चंदन चौहान:**
**श्री योगेन्द्र चांदोलिया:**
**श्री अनिल फिरोजिया:**
**श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:**
**श्री शंकर लालवानी:**
**श्री खगेन मुर्मुः**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:**
**श्री मुकेश राजपूतः**
**श्री दिलीप शइकीया:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 125 मिलियन डॉलर की असम शहरी क्षेत्र विकास परियोजना जैसे जल उपचार संयंत्रों, वितरण पाइपलाइनों और तूफानी जल प्रबंधन प्रणालियों के निर्माण के तहत किए गए बुनियादी ढांचे के कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना से लाभान्वित होने वाले निवासियों की अनुमानित संख्या कितनी है और इससे असम में शहरी जीवन क्षमता और जलवायु लचीलापन किस प्रकार बढ़ने की संभावना है;

(ग) संस्थागत सुधार, क्षमता निर्माण और डिजिटल परिवर्तन के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त परियोजना के तहत सामाजिक समावेशन और महिला सशक्तीकरण जैसे महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए प्रशिक्षण के कोई उपाय किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री**

**(श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (ङ): एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और भारत सरकार ने असम शहरी क्षेत्र विकास परियोजना के लिए दिनांक 22.09.2025 को 125 मिलियन अमेरीकी डालर के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य में परियोजना क्षेत्रों में एकीकृत शहरी विकास और समावेशी तथा जलवायु अनुकूल शहरी सेवाओं की बेहतर स्थिरता के लिए समर्थकारी फ्रेमवर्क स्थापित करना है। यह असम सरकार की राज्य क्षेत्र परियोजना है और इस परियोजना के लिए भारत सरकार ने असम सरकार के अनुरोध पर एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ ऋण करार पर हस्ताक्षर किए थे। परियोजना से संबधित विवरण का अभिरक्षक राज्य सरकार है और परियोजना की विस्तृत सूचना भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

*****